विदेश मंत्री
भारत

Minister of External Affairs
India

सत्यमेव जयते

सुषमा स्वराज
Sushma Swaraj

संदेश

यह हर्ष का विषय है कि संयुक्त राज्य अमेरिका स्थित हिंदी संगम प्रतिष्ठान शिक्षाविदों, स्थानीय हिंदी सेवी संस्थाओं, समाजसेवियों तथा भारत के प्रधान कौंसलावास, न्यूयॉर्क के साथ मिलकर 29 अप्रैल से 1 मई, 2016 तक तृतीय अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन का आयोजन कर रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन का आयोजन एक सराहनीय प्रयास है जिससे वैश्विक मंच पर हिंदी के प्रचार–प्रसार में सहायता मिलती है। मुझे आशा है कि आगामी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में हिंदी और अन्य भाषाओं के विशेषज्ञों के बीच सार्थक विचार–विनिमय होगा जिससे संयुक्त राज्य अमेरिका तथा विश्व के अन्य देशों में हिंदी के प्रचार–प्रसार में और अधिक गति आएगी।

तृतीय अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन के सभी आयोजकों को इसके सफल आयोजन के लिए मेरी शुभकामनाएं।

सुषमा स्वराज
सुषमा स्वराज

172, South Block, New Delhi-110011 Tel : 91-11-23011127, 23011165 Fax : 91-11-23011463